तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 1 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4

टीबी एवं एड्स कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्य योजना करें तैयार





खबर संक्षेप

दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण मुल्यांकन शिविर आज

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकास खंडों में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपकरणों के लिए चिन्हित किया जाएगा।

युवा रत्न सम्मान के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, साहित्यिक, नवाचार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन, कला एवं संगीत तथा लोककला सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से 'युवा रत्न सम्मान योजना' संचालित की जा रही है।

डीडीओ पॉवर के साथ चिकित्सा प्राध्यापकों की नियुक्ति का इंतजार

सेटअप कम्पलीट होते ही मेडिकल कॉलेज के हवाले होगा जिला अस्पताल का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बहुप्रतीक्षित मेडिकल कालेज में पढ़ाई तो जैसे तैसे शुरू हो गई है, लेकिन जिला अस्पताल की कमान मेडिकल कालेज प्रबंधन के हाथों में आने के लिए सेटअप और डीडीओ पावर समेत अन्य कागजी कार्रवाई पूरी होने का इंतजार है। बताया जाता है कि कालेज प्रबंधन की कमान संभालने के बाद यहां ना केवल संसाधनों की वृद्धि होगी, बल्कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी मिलेंगी।

गौरतलब है कि शासन द्वारा जिले में 50 सीट वाले चिकित्सा महाविद्यालय की शुरूआत की गई है। शासन के आदेशानुसार इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज में पढाने करने के लिए चयनित छात्र छात्राओं की काउंसिलिंग करके एडमिशन भी लिया गया है। इसके साथ ही बीते पखवाड़े भर से यहां मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। कॉलेज में अभी तक 42 छात्र छात्राओं का एडमिशन हुआ है, जबकि सेंट्रल कोटे से 8 छात्र छात्राओं का एडमिशन होना बाकी है। इसके लिए यहां काउसिलिंग की तिथि होने का इंतजार है। दूसरी ओर शासन के नियमानुसार मेडिकल कॉलेज का संचालन होने के साथ ही जिला अस्पताल का संचालन भी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया जाना है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक वैसे तो मेडिकल कालेज में डीन और एमएस के यहां बैठने के साथ ही औपचारिक रूप से जिला अस्पताल का मेडिकल कॉलेज में अधिग्रहण हो जाता है, लेकिन विधिवत रूप से इसे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा संचालित करने के लिए मेडिकल कॉलेज में सेटअप के अनुरूप प्रोफेसरों की नियुक्ति और अस्पताल प्रबंधन को अपने अधीन लेने की विधिवत प्रक्रिया के साथ डीडीओ पॉवर मिलने का इंतजार हे। बताया जाता है कि इसके लिए कागजी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। हफ्ते-15 दिन में इसके पूरे होने के साथ यहां की कमान मेडिकल कॉलेज के एमएस के हाथों होगी। हालांकि इसके विधिवत संचालन के लिए प्रोफेसरों की सेटअप के अनुरूप नियुक्ति भी होनी है। बताया जाता है कि इसके बाद सिविल सर्जन का पद यहां औपचारिक रूप से होगा, बाकी अस्पताल संचालन की समस्त जिम्मेदारी मेडिकल कालेज प्रबंधन के हाथों होगी।



मेडिकल कॉलेज में अध्ययरत छात्र छात्राएं।



जिला अस्पताल जांजगीर

सेटअप के बाद संचालन

वैसे तो मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ जिला अस्पताल का मेडिकल कॉलेज में अधिग्रहण हो जाता है। मेडिकल सुप्रीडेंट जिला अस्पताल के हेड होते है। बाकी कॉलेज व अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था डीन के हाथों होती है। सेटअप तैयार होने व कागजी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद विधिवत रूप से जिला अस्पताल कॉलेज के अधीन होगा।

-डॉ. राकेश नहरैल,
डीन, मेडिकल कॉलेज

चल रही प्रक्रिया

जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के हैण्डओव्हर करने की प्रक्रिया चल रही है। कागजी कार्रवाई में थोड़ा वक्त लग रहा है। इसके बाद जिला अस्पताल की समस्त जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के अधीन होगी।

-डॉ. बी.एल जागृति
सीएस, जिला अस्पताल

कटरा जंगल में पकड़ा गया 1 हजार लीटर डीजल, तीन आरोपी गिरफ्तार

रात के अंधेरे में किया जा रहा था अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिकअप के पीछे डाला में टैंकर बनाकर अवैध परिवहन किया जा रहा 1 हजार लीटर डीजल पुलिस ने पकड़ा है। रात के अंधेरे में जंगल के रास्ते अवैध डीजल का परिवहन किया जा रहा था। जब्त डीजल की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। मौके से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएल 6268 के पीछे डाले में बने लोहे के टैंकर में अवैध रूप से डीजल भरकर हरदीबाजार रोड की ओर ले जाया जा रहा है। पिकअप के आगे आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 10 एडी 8114 पायलेटिंग करते चल रही है।सूचना पर पुलिस टीम कटरा जंगल रवाना हुई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोककर जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन के पीछे लगी ट्रॉली में लोहे का टैंकर मिला, जिसमें करीब 1 हजार लीटर डीजल मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में वाहन में सवार नरेश कुमार भारती, भीमसिंह गोंड़ एवं रामनरेश प्रजापति डीजल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भीम सिंह गोंड़ के कब्जे से पिकअप वाहन एवं डीजल जप्त किया। वहीं नरेश कुमार भारती के कब्जे से आर्टिगा कार जप्त की गई। कुल 15 लाख की संपत्ति जप्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़गहन निवासी 34 वर्षीय नरेश भारती, 43 वर्षीय भीम सिंह गोंड़ और 31 वर्षीय रामनरेश प्रजापति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। बरामद डीजल को वाहन के अंदर ही सीलबंद कर पुलिस कब्जे में लिया गया है।



स्पेयर पंप नहीं मिलने से गरीब किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद योजना के अंतर्गत गरीब किसानों को अनुदान से स्पेयर पंप नहीं मिलने से धान की फसलों और सब्जी, भाजी आदि फसलों पर दवा छिड़काव करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत किकिरदा, करही, झरप ,नगारीडीह, पेंड्री, चिस्दा, परसदा, देवरीमठ, डोटमा सहित लगभग 104 गांवों के सैकड़ों किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना डीएमएफ के अंतर्गत अनुदान से मिलने वाले स्पेयर पंप इलेक्ट्रॉनिक एवं बैटरी से चलने वाली आज तक नहीं मिल पाया है। जिसके कारण गरीब किसान अपने खेतों में धान के फसलों में दवा छिड़काव करने में इधर-उधर भटक रहे हैं। सरकार की योजना अनुसार अनुदान से किसानों को स्पेयर पंप नहीं मिलने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्पेयर पंप नहीं मिलने से धान के साथ ही सब्जी, भाजी पर भी दवा छिड़काव करने में परेशानी हो रही है। किसान स्प्रेयर पंप के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे है।

इस संबंध में प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एन आर कोशले का कहना है कि आवंटन नहीं मिलने के कारण डीएमएफ योजना से स्पेयर पंप का वितरण नहीं हो पाया है।

सरकारी हैंडपंप से निकल रहा गंदा पानी, कपड़े से छानकर पीने कल्याणपुर के ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पेयजल व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों की परेशानी सामने आई है। सरकारी हैंडपंप से लंबे समय से गंदा पानी निकल रहा है। पानी की स्थिति ऐसी है कि उसे सीधे पीना मुश्किल है। मजबूरी में ग्रामीण कपड़े से पानी छानकर उसका उपयोग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, लंबे समय से दूषित पानी के इस्तेमाल के कारण कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत भी सामने आई है। सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को हो रही है, जिनके घरों में निजी बोर या अन्य जलस्रोत की सुविधा नहीं है। ऐसे परिवार पूरी तरह सरकारी हैंडपंप पर निर्भर हैं और पानी की खराब गुणवत्ता के बावजूद इसी का उपयोग करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता तथा जलस्रोत की स्थिति की लंबे समय से जांच नहीं कराई गई है। उनका कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में गंदे पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि पानी की गुणवत्ता की जांच कराए जाने से वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इसी बीच ग्रामीणों ने गांव के कुछ अन्य सरकारी हैंडपंपों में निजी मोटर लगाए जाने की शिकायत भी की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग सरकारी हैंडपंपों में मोटर लगाकर पानी का निजी उपयोग कर रहे हैं। इससे अन्य जरूरतमंद ग्रामीणों को पानी भरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से इस शिकायत का भी मौके पर सत्यापन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वे मौके पर पहुंचकर हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच कराएं। साथ ही जलस्रोत की तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत कराई जाए तथा सरकारी हैंडपंपों में निजी मोटर लगाए जाने की शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी हैंडपंप का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि उसी पानी को कपड़े से छानकर पीने की नौबत आ रही है तो समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।



हैण्डपंप जिससे निकल रहा गंदा पानी।

कराया गया अवगत

ग्राम पंचायत कल्याणपुर में प्रदूषित पानी की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का शीघ्र निराकरण कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

-ईश्वर साहू,
जनपद पंचायत सदस्य-

चोरी की मोटरसाइकिल सहित 4 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

सक्ती। चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को प्रार्थी अपनी माता का उपचार कराने हेतु गोमती अस्पताल सक्ती आया था, जहां उसने अपनी बाइक हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 09 एक्स 2064 को गोमती अस्पताल के सामने खड़ा कर उपचार हेतु अस्पताल के अंदर गया था। उपचार उपरांत वापस आने पर उसकी मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं मिली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति करन कुमार कुर्रे के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा उसे पकड़कर पूछताछ की गई, जिसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ करने पर रेहान खान, नागेन्द्र कुमार पटेल एवं सोमनाथ सहिस को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा बाइक चोरी करने तथा चोरी की मोटरसाइकिलों के क्रय-विक्रय में संलिप्तता पाए जाने पर प्रकरण में धारा 317(2), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। चारों आरोपियों को 30 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कनेक्शनधारियो पर 50 लाख 70 हजार का था बकाया

मंडल की कार्रवाई, 74 उपभोक्ताओं के काटे गए लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी बकायादार उपभोक्ताओं पर लगातार विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही कर रहा है। जिसके तहत 74 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं इन पर करीब 50 लाख 70 हजार रुपए का बकाया है।

ज्ञात हो कि विद्युत मंडल का अमला बकायादार उपभोक्ताओं पर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रहा है। इसी के तहत कार्यवाही करते हुए 74 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए हैं। इन ग्राहकों पर करीब 50 लाख 70 हजार का बिजली बिल बकाया है लगातार हो रही इस कार्यवाही से बतायादारो में हड़कंप मचा हुआ है। विद्युत विभाग द्वारा कार्यवाही जांजगीर एवं चांपा सर्किल अंतर्गत आने वाले जांजगीर, नैला, सिवनी, मड़वा सहित अन्य क्षेत्रों में की गई। इसके अलावा विभाग की टीम द्वारा 62 विद्युत बकाया उपभोक्ताओं से 16 लाख 45 हजार रुपए की वसूली भी की। विद्युत मंडल की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए धारा 138 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इसके पूर्व भी जांजगीर चांपा जिले के बलौदा शिवरीनारायण नवागढ़ पामगढ़ अकलतरा सहित अन्य क्षेत्रों में विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल के साथ धारा 138 के तहत कार्यवाही भी की गई है। इन ग्राहकों पर करीब 50 लाख 70 हजार का बिजली बिल बकाया है। जिसके तहत विद्युत मंडल ने सख्ती बरतते हुए विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की है।



विद्युत कनेक्शन की कार्रवाई करता विद्युत अमला।



खबर संक्षेप

नहर पार से बेजाकब्जा हटाने पहुंचे अफसर, चला प्रशासन का डोजर

बिर्रा । समीपस्थ ग्राम चारपारा में चौक के पास नहर पार पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस पर रोक लगाने अफसरों ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी थी, लेकिन अवकाश के दिन अतिरिक्त मजदूर लगाकर यह कार्य कराया जा रहा था। ऐसे में जल संसाधन विभाग के साथ राजस्व और पुलिस प्रशासन की टीम डोजर लेकर पहुंची। जिसके उपरांत बेदखली की कार्रवाई की गई।
इस संबंध में जल संसाधन सिंचाई विभाग उप संभाग बिर्रा के अनुविभागीय अधिकारी श्रीराम देवांगन ने बताया कि ग्राम चारपारा में चौंक के पास नहर पार में जबरदस्ती बेजा कब्जा कर छुट्टी के दिन अतिरिक्त मजदूर और मिस्त्री लगाकर मकान तैयार कर लिया गया था। निर्माणाधीन मकान के काम बंद करने के लिए उक्त अतिक्रमणकारी को निर्देशित किया गया था, लेकिन वह नहीं माना, ऐसे में इसकी जानकारी राजस्व अधिकारियों को दी गई। जिस पर तहसीलदार ने भी उसे अतिक्रमण करने से मना किया। बावजूद इसके काम जारी रहा। ऐसी स्थिति में नहर पार में अवैध कब्जा करके जबरन घर तैयार कर लिया गया था और कार्य जारी भी रहा। इस तरह की स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्रीराम देवांगन ने राजस्व विभाग के टीम और थाना पुलिस की मदद से यह अभियान चलाया गया। इसके तहत विधिवत नोटिस दी गई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार बम्हनीडीह संजय बरेठ, जल संसाधन विभाग उप संभाग बिर्रा के अनुविभागीय अधिकारी श्रीराम देवांगन, उप अभियंता लोचन साहू एवं सोना लाल डहरिया और पुलिस थाना के सहायक उप निरीक्षक सियाराम यादव, पटवारी एवं ग्राम कोटवार के अलावा पुलिस के जवान और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

दान में मिले कपड़ों को 6 सौ जरूरतमंदों को किया वितरण

राहौद। जरूरतमंद परिवारों तक कपड़ों के साथ सम्मान और अपनापन पहुंचाने की भावना से व्यापारी सेवा समिति राहौद द्वारा शुरू की गई कपड़ा दान पहल अब छत्तीसगढ़ के सातवें जिले तक पहुंच गई है। समिति ने प्रदेश के सभी 36 जिलों तक सेवा पहुंचाने का संकल्प लिया है। इस सेवा पहल को आगे बढ़ाने में समाजसेवियों, व्यापारियों और सहयोगी दानदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति ने दान में प्राप्त कपड़ों को सीधे वितरण करने के बजाय उन्हें सम्मानपूर्वक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की तैयारी की। कपड़ों को पहले छांटा गया, फिर उनकी धुलाई, सफाई और सुखाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद कपड़ों को प्रेस कर व्यवस्थित तरीके से पैक किया गया। इसी क्रम में 27 सितंबर रविवार को व्यापारी सेवा समिति, राहौद की टीम बलौदाबाजार जिले की सवरा बस्ती पहुंची। यहां जरूरतमंद परिवारों के बीच करीब 600 कपड़ों का वितरण किया गया। समिति की टीम श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंची, जहां दादाजी-दादीजी के दैनिक जीवन में उपयोगी आवश्यक राशन सामग्री का वितरण किया गया।

सिवनी–सुखरी कला मार्ग के लिए 960.31 लाख स्वीकृत

बहेराडीह। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत के निरंतर प्रयासों एवं अनुशंसा से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। अंचल के विकास और जन-सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए डॉ. महंत की पहल पर सिवनी से सुखरी कला मार्ग के नवनिर्माण हेतु 960.31 लाख रुपये 9.60 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही जमड़ी नाला और जर्जर सड़क से निजात मिलेगी। सिवनी से सुखरी कला मार्ग लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में था। मानसून के दिनों में जमड़ी नाला के जलमग्न होने और जलभराव के कारण आसपास के 15 से 20 गांवों का संपर्क सिवनी से पूरी तरह कट जाता था। जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं।

निधन

शत्रुहन दास वैष्णव

तुस्मा। ग्राम तुस्मा के प्रतिष्ठित नागरिक शत्रुहन दास वैष्णव का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी,तीन पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु, ग्रामीण एवं परिचित शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



हाई स्कूल ग्राउंड में उपनिषद ज्ञानामृत का छठवां दिन, माया और कर्म पर बताया गूढ़ रहस्य

बुद्धि और तर्क से नहीं, शरणागति और कृपा से मिलते हैं भगवानः रासेश्वरी देवी



प्रवचन सुनाती रासेश्वरी देवी



पंडाल में उमड़ी भीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में चल रही उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के छठवें दिन मंगलवार को रासेश्वरी देवी ने कहा कि भगवान बुद्धि और तर्क से नहीं, बल्कि शत-प्रतिशत शरणागति और ईश्वरीय कृपा से मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि हम मूलतः आत्मा हैं, आत्मा नित्य है, उसकी मृत्यु नहीं होती, फिर भी अज्ञानता के कारण हम मृत्यु से डरते हैं। भगवान सदा हमारे हृदय में हैं, लेकिन अज्ञानता ने ही दूरी बना रखी है। भगवान को केवल बुद्धि या प्रवचन सुनकर नहीं जाना जा सकता। प्रवचन सुनाती हुए रासेश्वरी देवी ने कहा कि माया भगवान की प्रबल शक्ति है, इसे अपनी शक्ति से नहीं जीता जा सकता। इसे केवल भगवान की कृपा से ही जीता जा सकता है। सच्चे संत का मिलना भी भगवान की कृपा से ही होता है, केवल शास्त्र ज्ञान से नहीं। प्रवचन केवल मार्गदर्शन करते हैं। जब तक सिद्धांतों को जीवन में नहीं उतारा जाता, तब तक बात नहीं बनती। अर्जुन का अज्ञान भी गीता सुनने से नहीं, श्रीकृष्ण की कृपा से दूर हुआ था। रासेश्वरी देवी ने कहा कि माया भगवान की प्रबल शक्ति है, इसे अपनी शक्ति से नहीं जीता जा सकता। इसे केवल भगवान की कृपा से ही जीता जा सकता है। सच्चे संत का मिलना भी भगवान की कृपा से ही होता है, केवल शास्त्र ज्ञान से नहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि बिना भगवान की इच्छा के पत्ता भी नहीं हिलता, जब भगवान चाहेंगे तब भक्ति करेंगे, वे भ्रम में हैं। यदि भगवान ही हर कर्म के लिए जिम्मेदार होते, तो कोई गलत काम ही नहीं करता और शास्त्रों में विधि-निषेध का विधान नहीं होता।उन्होंने प्रयोजक कर्ता और प्रयोज्य कर्ता का भेद समझाते हुए कहा कि भगवान प्रयोजक कर्ता हैं, जो हमें कार्य करने की शक्ति देते हैं। हम प्रयोज्य कर्ता हैं। भगवान ने हमें कर्म करने की स्वतंत्रता दी है। भगवान ने कान को सुनने की शक्ति दी है, लेकिन उससे सत्संग सुनना है या निंदा, यह हमारी इच्छा है। इसलिए शुभ-अशुभ कर्मों के लिए जीव स्वयं जिम्मेदार है, भगवान नहीं।प्रवचन के अंत में उन्होंने कहा कि भगवान केवल कृपा से मिलते हैं, तो वह कृपा क्या है और कैसे मिलती है, इसका रहस्य अगले दिन बताया जाएगा। यह प्रवचन श्रृंखला 8 अक्टूबर तक रोज शाम 6.30 से 8.30 बजे तक जारी रहेगी। प्रवचन सुनने बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग करना आवश्यक

सेवा संकल्प अभियान के तहत सबने लगाई मैदाथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



मैराथन दौड लगाते कलेक्टर, एसी सहित अन्य अधिकारी।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत जिले में जनभागीदारी एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।


इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, सीईओ वासु जैन की उपस्थिति मे फिट इंडिया के तहत 'दौड़े स्वस्थ भारत के लिए' मैराथन दौड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। दौड़ का शुभारंभ सुबह 7 बजे अटल चौक सक्ती से किया गया तथा इसका समापन सेजेस स्कूल सक्ती में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इसी क्रम में सेजेस सक्ती मे 'योग एवं ध्यान सत्र' का आयोजन भी किया गया। यह सत्र सुबह 7:30 बजे से 8:15 बजे तक सेजेस स्कूल, सक्ती में आयोजित हुआ। योग एवं ध्यान सत्र में योगाचार्य द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ठासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शिथिलीकरण अभ्यास, स्कंध संचालन, ताड़ासन,एवं शवासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति, प्राणायाम, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण देकर योग के मानसिक व शरीरिक लाभों की जानकारी दी गई। योगाभ्यास में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास कर दैनिक जीवन में नियमित योग करने का संकल्प लिया। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने संबोधित करते हुए कहा की सभी ने आज योगा और मैराथन दौड़ को पूरे उत्साहपूर्वक किया। कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान से जुड़ने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज एवं विकसित भारत की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री हिमेश श्रीवास, द्वितीय स्थान श्री उपेंद्र पांडे, सिरली तथा तृतीय स्थान श्री रजत सूर्यकांत लवसरा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। मैराथन के पश्चात योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। योगाचार्य चतुर सिंह चंद्रा, गोपाल एवं उनकी टीम द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर के एस पैकरा, पर्यावरण अधिकारी आरपी वासुदेव, सीएमओ सक्ती प्रह्लाद पांडेय, सीइओ जनपद सक्ती सी के आदिले, राम नरेश यादव अभिषेक शर्मा, चिराग अग्रवाल, डॉ. श्याम चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अघोर विद्यापीठ के वाणिज्य विद्यार्थियों ने किया सेंट्रल बैंक का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विद्यालय अघोर विद्यापीठ, पोंड़ी दलहा के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को बैंकिंग व्यवस्था एवं वित्तीय लेन-देन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंजलि दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बैंक की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा।

इस अवसर पर बैंक प्रबंधक मनोज भारती ने विद्यार्थियों को बैंक में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, लेन-देन की प्रक्रिया एवं लेखा-जोखा संधारण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, बैंक खाते को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया सहित बैंकिंग से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया।विद्यार्थियों ने बैंकिंग व्यवस्था से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने के साथ अपनी जिज्ञासाओं के संबंध में बैंक प्रबंधक से प्रश्न भी किए। श्री भारती ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल एवं सहज तरीके से समाधान किया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाने वाली वाणिज्य एवं बैंकिंग संबंधी



बैंकिंग कामकाज की जानकारी लेते स्कूली विद्यार्थी।

अवधारणाओं को वास्तविक जीवन की कार्यप्रणाली से जोड़ना है, ताकि उनमें वित्तीय जागरूकता एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास हो सके। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बैंक की कार्यप्रणाली को नजदीक से जाना व समझा।

सरकार आपके द्वार अंतर्गत सेजेस में शिविर का आयोजन आज

सक्ती। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत देश प्रदेश सहित जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार अंतर्गत सेजेस सक्ती में 1 अक्टूबर को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 1 से 7 अक्टूबर के मध्य जिले के सभी विकासखंड में सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले में 1 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सक्ती मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। 3 अक्टूबर को हाईस्कूल कचंदा, जैजैपुर, 5 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा तथा 6 अक्टूबर को शासकीय हाईस्कूल सपोस, डभरा में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

लायंस क्लब का सेवा सप्ताह 2 से, होंगे अनेक सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल अंतर्गत लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के तहत स्थानीय इकाई लायंस क्लब चाम्पा द्वारा आगामी शुक्रवार 2 से गुरुवार 8 अक्टूबर तक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं. इस दौरान पूरे सप्ताह भर क्लब द्वारा अनेक सेवा कार्य संपादित किये जायेंगे।

क्लब के अध्यक्ष एम. जे. एफ. लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन वासुदेव चन्द्र देवांगन ने बताया कि सेवा सप्ताह का शुभारंभ शुक्रवार1 2 अक्टूबर को सुबह लायंस भवन में राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया जायेगा. इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाकर 11 बजे से बी. डी. एम. हॉस्पिटल परिसर की साफ सफाई की जावेगी। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार 3 अक्टूबर को लायंस भवन में सुबह 11 बजे से गणेश विनायक आई हॉस्पिटल चाम्पा के डॉ. मयंक दुबे एवं उनकी टीम द्वारा लायंस स्कूल के बच्चों का नेत्र परीक्षण किया जायेगा. सेवा सप्ताह के तीसरे दिन रविवार 4 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से सायं 5 बजे तक ग्राम पीथमपुर में डॉ. योगेंद्र शर्मा, डॉ. जी. पी. दुबे, डॉ. के. पी. राठौर, डॉ. व्ही. एन. बिरथरे सहित अनेक चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से राठौर नर्सिंग होम में भर्ती शिशुओं को शिशु सुरक्षा कीट एवं फल वितरण किया जायेगा। सेवा सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से लायंस स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया जावेगा. सेवा सप्ताह के छठवें दिन बुधवार 7 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से खाटू श्याम मंदिर परिसर से भिक्षुओं को भोजन वितरण किया जायेगा। सेवा सप्ताह के सातवें दिन गुरुवार 8 अक्टूबर को लायंस भवन में सुबह 11 बजे से साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे से समीक्षा बैठक का आयोजन करने के साथ ही सेवा सप्ताह का समापन किया जायेगा।

प्रबंध संचालक वेयर हॉउसिंग कॉर्पोरेशन शिविर का किया निरीक्षण

सक्ती। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य विभाग द्वारा विकासखंड सक्ती अंतर्गत बीपीआरसी भवन हरेठी में सेवा संकल्प अभियान के तहत जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाया गया। हरेठी मे आयोजित खाद्य विभाग के सेवा सेतु कैंप का प्रबंध संचालक वेयर हॉउसिंग कॉर्पोरेशन आशीष कुमार टिकरिहा द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने अब तक कितने हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया गया है कि जानकारी ली। इस अवसर पर प्रबंध संचालक वेयर हॉउसिंग कॉर्पोरेशन टिकरिहा द्वारा संबोधित करते हुए उपस्थित सभी हितग्राहियों को ऑनलाइन नए राशन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा और स्मरण का पावन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा और स्मरण का पावन पर्वचांपा। वैदिक सनातन धर्म में श्राद्ध करने का अपना एक अलग ही महत्व हैं ।

- पितृपक्ष 26 से भाद्रपद पूर्णिमा से हो गया है प्रारंभ, चलेगा 10 तक

हिंदू धर्म में मान्यता हैं कि इस दौरान पितरों का स्मरण करके उनके नाम से श्राद्ध , तर्पण, पिंड दान और दान-पुण्य करने से उन्हें शांति प्राप्त होती हैं। वहीं गरुण पुराण के अनुसार पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पितृ लोक से धरती लोक पर आते हैं और वह यह देखते हैं कि उनके परिवार जन श्राद्ध कर्म कर रहे हैं या फिर नही श्राद्ध पक्ष हर साल भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से शुरू होकर आश्विन माह की अमावस्या तक चलता हैं। इस साल भाद्रपद पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध 26 सितंबर को किया गया, जबकि पितृपक्ष की नियमित शुरुआत दिन रविवार 27 सितंबर को कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि से हुआ, वहीं पितृपक्ष का समापन 10 अक्टूबर शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा। पितृपक्ष कब से कब तक रहेगाहिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल पितृपक्ष 26 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा से आरंभ हो गया हैं। इस दिन पहला श्राद्ध शुरू हुआ। इस दिन उन पितरों का श्राद्ध किया गया , जिन लोगों की मृत्यु पूर्णिमा तिथि पर हुई हो । पितृ पक्ष का समापन 10 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या के श्राद्ध के साथ होगा । परिवार के जिन भी मृतकों की तिथि अज्ञात हो, उनका श्राद्ध सर्वपितृ अमावस्या पर किया जा सकता हैं। पितृ पक्ष में क्या न करेंश्राद्ध के दिनों में दौरान बाल , दाढ़ी और नाखून काटने से बचना चाहिये। इस दौरान मांस-मदिरा और तामसिक भोजन, लहसुन-प्याज आदि का सेवन नहीं करना चाहिए. नए वस्त्र भी इस दौरान न खरीदें। विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश या किसी नए काम की शुरुआत भी पितृपक्ष में करने से बचना चाहिये। श्राद्ध पक्ष का धार्मिक महत्व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार , पितृ पक्ष में तर्पण, पिंडदान और अन्न-जल का दान करने का विशेष महत्व होता हैं, साथ ही जिस तिथि को पूर्वज का निधन हुआ होता हैं , पितृ पक्ष में उसी तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है। यदि किसी की मृत्यु तिथि ज्ञात न हो, तो उनका श्राद्ध 'सर्वपितृ अमावस्या के दिन करने का विधान हैं। वहीं पितृ पक्ष के दौरान पूर्वजों की प्राण त्यागने की तिथि पर ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता हैं। साथ ही उसके बाद दक्षिणा और वस्त्र देने का विधान हैं। वहीं पितृपक्ष में कोई भी मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, दुकान का मुहूर्त, नया कारोबार का आरंभ आदि नहीं करना चाहिये।



पितरों की जा रही पूजा पाठ।

कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ग्राम चंगोरी में कलशत्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज का शुभारंभ हुआ। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि चंगोरी (अकलतरा) मे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 29 सितंबर से किया जा रहा है। कथा व्यास संतोषी नंदन आशीष महाराज द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक नित्य पूजन होगा। कलश यात्रा से मंगलमय कथा प्रसंग 29 सितंबर मंगलवार, आश्विन कृष्ण पक्ष 3वेदी पूजन, गोकर्ण गीता, कलश यात्रा, महाभारत दर्शन, परिक्षित जन्म, वराह अवतार, 30 सितंबर बुधवार, आश्विन कृष्ण पक्ष 4 कपिल गीता, शिवसती कथा, ध्रुव चरित्र, 1 अक्टूबर को आश्विन कृष्ण पक्ष 5भरत आख्यान, अजामिल कथा, नरसिंह अवतार, 2 अक्टूबर को समुद्र मंथन, वामन, मत्स्य अवतार, श्री राम कृष्ण जन्म, 3 अक्टूबर आश्विन कृष्ण पक्ष 7 कृष्ण बाल लीला, पूतना उद्धार, दही लूट, गोवर्धन पूजा, कंश वध, रुक्मणी विवाह, 4 अक्टूबर आश्विन कृष्ण पक्ष कृष्ण अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, 5 अक्टूबर को भगवान ऐश्वर्य लीला, यदुकुल श्राप, स्वधाम गमन, परिक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, 6 अक्टूबर आश्विन कृष्ण पक्ष 11 पूजन, तुलसी वर्षा, हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान, बिटक, महाआरती के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। आयोजन मे पं. उमाशंकर गुरुद्वान, उषाकिरण पाण्डेय,राजेश गुरुद्वान, अनिता गुरुद्वान, धनेश गुरुद्वान, हेमलता गुरुद्वान, रमेश गुरुद्वान,श्रीमती मिथलेश गुरुद्वान,नरेश गुरुद्वान,श्रीमती निशा गुरुद्वान,ब्रतेश गुरुद्वान,श्रीमती कल्पना गुरुद्वान सहित परिजन जुटे हुए है।

अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नवागढ़। साढे 5 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जिले में अवैध शराब पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में नवागढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी राहुल दास महंत उम्र 20 साल निवासी मातिन थाना बांगो जिला कोरबा हाल ग्राम अमोदा को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से अलग अलग पन्नी पाउच में रखे 5.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

न्यायालय (अंजू कंवर) प्रथम सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
आ.क्र. 620/26 व्य.अ.क्र.42A/24
रमेश ..... वादी
विरूद्ध
खुगेश्वर सोनी .....प्रतिवादीगण
प्रति,
03. उमा सोनी उम्र 30 वर्ष पिता स्व. लखनलाल सोनी साकिन-सोनार पारा चांपा तह. चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
05. गंगोत्री सोनी उम्र 35 वर्ष पिता स्व. लखनलाल सोनी साकिन-सोनार पारा चांपा तह. चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
इस न्यायालय में वादी रमेश कुमार सोनी उम्र 54 वर्ष वल्द स्व, संतलाल सोनी निवासी-सोनार पारा चांपा तह.-चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा प्रतिवादीगण खुगेश्वर सोनी वगै. के विरूद्ध वाद वास्ते संविदा के विशिष्ट पालन कीमती 3,00,600/- (तीन लाख छः सौ रूपये) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।
अतः प्रतिवादी क्रं. 3 उमा सोनी एवं प्रतिवादी क्रं. 5 गंगोत्री सोनी को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि पेशी तारीख 27/10/2026 को दिनांक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी, जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।
यदि किसी कारणवश दिनांक 27/10/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले दिवस में सुनवाई की जावेगी।
आज दिनांक 28/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांकः 28/09/2026
(अंजू कंवर)
प्रथम सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)





ये प्रेम मोल लिया का गाना 'जय अंबे बोल' रिलीज

मुंबई। इस नवरात्रि पर सिंगर हिमेश रेशमिया एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आए हैं। सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना दर्शकों का दिल जीत रहा है। त्योहारों के मौसम से पहले रिलीज किया गया यह गाना हिमेश के म्यूजिक कॅरियर का पहला गरबा गाना है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया 'जय अंबे बोल' गाना गरबा सेलिब्रेशन के उत्साह बढ़ाता नजर आ रहा है। गाने को श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया ने आवाज दी है। मयूर पुरी की कलम से निकले इस गाने को हिमेश ने अपना म्यूजिक देकर खास बना दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' का यह गाना टाइटल ट्रैक के रिलीज होने के बाद आया है।

लाइफ Style

ऐश्वर्या

ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया।



हॉलीवुड मसाला




स्पाइडर-मैन ब्रांड... फिर लौटेगी

नई दिल्ली। इस साल भारतीय सिनेमाघरों में अगर किसी हॉलीवुड फिल्म का बोलबला देखने को मिला था, तो वह स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे रही। टॉम हॉलैंड स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता। अब खबर आ रही है कि मेकर्स स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को री-रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। जिसे आने वाले 18 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यही कारण है कि मेकर्स ने ये योजना बनाई है कि वह एवेंजर्स डूम्सडे की रिलीज से पहले स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को दोबारा से बड़े पर्दे पर पेश करेंगे।



दुनियाभर में स्ट्रीम होगा शकीरा का कॉन्सर्ट...

लॉस एंजिल्स। पॉप स्टार शकीरा इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों अपने 'लास मुजेरेस या नो लोरान वर्ल्ड टूर' पर हैं। इस टूर के तहत सिंगर तीन अक्तूबर को मैड्रिड में होने वाले अपने कॉन्सर्ट को दुनिया भर में लाइव-स्ट्रीम करेंगी। यह पहली बार होगा जब शकीरा का पूरा कॉन्सर्ट इस तरह से दुनियाभर में दिखाया जाएगा। भारत के फैंस भी इस कॉन्सर्ट का आनंद ले सकेंगे। भारत में मौजूद फैंस देर रात सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। यह कॉन्सर्ट 4 अक्टूबर को रात 12:15 बजे अमेजन म्यूजिक इंडिया ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और ट्विच पर अमेजन म्यूजिक चैनल पर स्ट्रीम होगा। इसके लिए किसी पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं है। मैड्रिड शो शकीरा के बहुत बड़े वर्ल्ड टूर के आखिरी पड़ावों में से एक है।



अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

नई दिल्ली। उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।



दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

मुंबई। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु' जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।

टीवी मसाला




खतरों के खिलाड़ी 15 : ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगे टॉप 5 कंटेस्टेंट्स

नई दिल्ली। 'खतरों के खिलाड़ी 15' के ग्रैंड फिनाले की तारीख का ऐलान हो गया है। शो के सेमी फिनाले के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि शो अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, जहां टॉप 5 कंटेस्टेंट ट्रॉफी जीतने के लिए मुश्किल स्टंट्स में एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे। फाइनलिस्ट्स को इस सीजन के कुछ सबसे मुश्किल टास्क का सामना करना होगा, जिससे उनके साहस, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। फिनाले 3 और 4 अक्टूबर को रात 9 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस सीजन की शुरुआत 'ओल्ड वर्सेस न्यू' थीम के साथ हुई थी। इस हफ्ते सेमी फाइनल हुआ और शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। फिनाले से कुछ दिन पहले ही रुहानिका धवन का सफर खत्म हो गया। वहीं अविनाश मिश्रा 'खतरों के खिलाड़ी 15' के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने टॉप 5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अविनाश ने एक वॉटर स्टंट में करण वाही का मुकाबला किया और उसे जीतकर सीधे फिनाले के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उन्हें फाइनल स्टंट से ठीक पहले वाला स्टंट करने का मौका मिलेगा। रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 5 से बतौर होस्ट इसकी शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक शो के होस्ट बने हुए हैं। बीच में सीजन 7 को छोड़कर उन्होंने सीजन 8 से लेकर अब तक लगातार इस शो की कमान संभाली है।

राशन टास्क में कनिका-काजी की भिड़ंत

नई दिल्ली। बिग बॉस के सीजन 20 ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। काजी तौकीर के फैंडम और सलमान खान के वीकेंड का वार ने शो को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। इस बीच घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर भी जारी है। इस रिएलिटी शो में अक्सर देखा जाता है कि कंटेस्टेंट को ऐसा टास्क दे दिया जाता है, जिसमें कंटेस्टेंट का भिड़ना लाजिमी हो जाता है। इस बार राशन टास्क में भी कुछ वही देखने को मिलने वाला है। राशन टास्क के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसमें कनिका मान और काजी तौकीर एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। जियोहॉटस्टार ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर बिग बॉस 20 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। 30 सेकेंड के इस प्रोमो में दिखाया गया है कि कैसे घरवाले राशन टास्क में राशन इकट्ठा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं। प्रोमो में बिग बॉस घरवालों से कहते हैं, 'घरवालों आस-पास है आपके वीकली राशन के कुछ आइटम्स. जो भी आइटम्स कार्य के अंत में डिलिवर्ड होंगे, वो राशन में से कट हो जाएंगे।'



शांतनु को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

मुंबई। मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। इंदौर लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। यह कार्यक्रम उनकी 97वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहन यादव ने शांतनु मोइत्रा के भारतीय संगीत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा ने अपनी प्रतिभा से देश के संगीत जगत को समृद्ध किया है। वहीं, संगीतकार मोइत्रा ने सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के नाम पर उनकी जन्मस्थली में और उनकी जयंती के दिन पुरस्कार मिलना उनके लिए भावुक और गर्व का पल है। शांतनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। 'परिणीता', 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'लगे रहो मुन्नाभाई', '3 इडियट्स', 'मद्रास कैफे', 'पीकू', 'अक्टूबर' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली। वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म 'ना बंगारू तल्ली' के लिए शांतनु को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने 1984 में की थी। यह पुरस्कार हर साल हल्के संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। अब तक नौशाद, किशोर कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान, अनु मलिक, उदित नारायण और आशा भोसले समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों को यह पुरस्कार मिल चुका है।



गांव की 'काली खेती' में दबे हुए राज दहलाएंगे दिल

नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने में कई नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म हॉरर थ्रिलर है जो गांव की सुपरनैचुरल कहानी को पर्दे पर दिखाएगी। हाल ही में, मेकर्स ने नई हॉरर फिल्म का ऐलान किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म है 'काली खेती'। जैकी श्रॉफ ने 29 सितंबर को अपनी नई फिल्म 'काली खेती' का ऐलान किया है। यह एक सुपरनैचुरल रूरल थ्रिलर है। इसका पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। दिल दहलाने वाले पोस्टर में अंधेरी रात, लालटेन और राक्षस दिखाया गया है। पोस्टर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी रोंगटे खड़े करता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।' साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट का नाम भी रिवील कर दिया गया है। फिल्म में जैकी और शरद के अलावा 'मिर्जापुर' की एक्ट्रेस नेहा सरगम भी अहम भूमिका में हैं। हारिस इम्तियाज खान के निर्देशन में बन रही 'काली खेती' की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। ब्लैककैनवस स्टूडियो के बैनर तले सना खान फिल्म का निर्माण कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर का होगा जबरदस्त धमाका

अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।

बस्था : बस्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

येझू कदाल येझू मलाई : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

सिग्मा : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

डोंट ट्रबल द ट्रबल : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।



अंबिल अवान : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बेल : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

आदर्श कुटुम्बम : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

विश्वंभरा : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं , राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

राणाबली : विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

अप्पा कुट्टी : अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।

टाइटन्स : टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

खबर संक्षेप

अंतराष्ट्रीय वृद्धजपन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान आज

मालखरौदा। जनपद पंचायत मालखरौदा के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों और ब्लॉक स्तर पर 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस संबंध में सभी सरपंचों और सचिवों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कार्यालय कलेक्टर समाज कल्याण के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना है। कार्यक्रम के तहत पंचायतों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, वित्तीय संरक्षण कार्यशाला, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम 2007 पर विशेष जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल खेलकूद प्रतियोगिताएं रखी गई है। आयोजन के पश्चात सभी ग्राम पंचायतों को फोटोग्राफ्स सहित संक्षिप्त प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से जनपद कार्यालय में जमा करना होगा, ताकि समय पर उच्च कार्यालय को जानकारी भेजी जा सके।

कस्तूरबा विद्यालय में हुआ शिक्षा सहयोग विद्या दान, एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



बिर्रा। विकासखण्ड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में विद्यादान, शिक्षा सहयोग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा सहयोग के तहत जरूरतमंद बच्चों को किताबें एवं पेन उपलब्ध कराई गई। सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज तिवारी एवं तोषण तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को विद्या दान देते हुए मार्गदर्शन दिया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'शिक्षा सहयोग पहल के अंतर्गत एक विशेष क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का सफल आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिर्रा में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बीईओ बम्हनीडीह बसंत चतुर्वेदी द्वारा रोचक प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्रों ने त्वरित और सटीक उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी हिरेंद्र बेहार ने किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती पिली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा, बसंत चतुर्वेदी बीईओ बम्हनीडीह, हिरेंद्र बेहार बीआरसीसी बम्हनीडीह, शिक्षा विद मनोज तिवारी, तोषण तिवारी, संतोष कश्यप मंडी अध्यक्ष बिर्रा, देवचंद यादव अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, तारकेश्वर कलार मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा, अकादशिया साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा, पुष्पा पटेल प्राचार्य कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा, संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन, लखन कश्यप, विश्वनाथ कश्यप, गुरु प्रसाद भतपहरे, उत्तम साहू, नवधा चंद्रा उपस्थित थे।

बड़े मठ मंदिर में विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर हनुमान व गणेश की हुई विशेष पूजा-अर्चना



चांपा। हिन्दू धर्म में संकष्टी चतुर्थी का व्रत भगवान श्री गणेश जी को समर्पित माना जाता हैं। 29 सितंबर मंगलवार को विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी पर कोसा ,कांसा एवं कंचन की नगरी चांपा के मध्य भाग में स्थित 250 वर्ष प्राचीन और पुरातात्विक महत्ता प्राप्त श्रीजगन्नाथ बड़े मठ मंदिर में भगवान गणेश जी के साथ दक्षिण मुखी हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई ।इस अवसर पर मठ के मठाधीश तथा ब्रह्मचारी लालदास महंत, पं कृष्ण धर मिश्रा, पं हरिहर प्रसाद तिवारी, डॉ रविन्द्र कुमार द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, भृगु नंदन शर्मा, शशिभूषण सोनी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार,शिवराम सोनी, रविन्द्र सोनी, कृष्ण देवांगन, लक्ष्मीनारायण, राजा, देवीप्रसाद, अशोक कुमार, हरिशंकर सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। सायंकाल बड़े मठ मंदिर में सुंदरकांड पाठ , बजरंग बाण ,हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। जिसके पश्चात महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।संकष्टी चतुर्थी एक मासिक व्रत हैं, जो हर बार कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता हैं । इस दिन श्रद्धा पूर्वक व्रत रखने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महा प्रबंधक का चाम्पा स्टेशन आगमन आज

चांपा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश का गुरुवार 1 अक्टूबर को चाम्पा रेलवे स्टेशन में आगमन हो रहा हैं. मिली जानकारी के अनुसार रेल महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सुबह 9 बजे विशेष ट्रेन से सुबह 9 बजे चाम्पा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। इसके बाद वे अन्य रेल अधिकारियों के साथ समूचे रेल परिक्षेत्र का निरीक्षण करेंगे।

11 अक्टूबर से मंदिर में विधिवत की जाएगी घट एवं ज्वारा स्थापना

जांजगीर-चांपा। जांजगीर नगर की पुरानी बस्ती स्थित प्रसिद्ध माँ देवी दाई मंदिर में शारदीय क्वार नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। वहीं ज्योति कलश प्रज्वलन एवं घट-ज्वारा स्थापना की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। मंदिर पुजारी पं. सुदीप उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 11 अक्टूबर, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन होगा। इसी दिन मंदिर में विधिवत घट एवं ज्वारा स्थापना की जाएगी। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के सकल मनोरथ की पूर्ति के लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ भी कराया जाएगा।

रेडक्रास चेयरमेन की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैठक

टीबी एवं एड्स कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्य योजना करें तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में शामिल रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन एवं अन्य अधिकारी।

टीबी एवं एड्स कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्ययोजना तैयार कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। रेड क्रोस सोसायटी के चेयरमेन ने कहा कि जेआरसी एवं वाईआरसी की गतिविधियों के कामों में तेजी लाए। इसे लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

गौरतलब है कि सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा-2026 के अंतर्गत 'स्वच्छता में सहभागी, स्वच्छ भारत विकसित भारत' की थीम पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जनजागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों एवं तालाबों की सफाई, श्रमदान, पौधरोपण तथा हाथ धुलाई जैसी गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के तहत अमृत सरोवर एवं अन्य तालाबों की सफाई के लिए सामूहिक श्रमदान किया गया। ग्रामीणों ने स्वच्छता कार्यों में सहभागिता निभाते हुए अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। स्वच्छता गतिविधियों के दौरान लोगों को नियमित हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने, जलस्रोतों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर सहभागिता निभाने की अपील की गई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य चेयरमैन तोमन साहू की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन बालाराम साहू, सदस्य राज्य प्रबंधन समिति गिरीश कुर्रे, कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला प्रबंधक समिति जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विनय कुमार, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिता श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.एल. जागृति सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पागल कुत्तों का आतंक, 10 से 15 लोगों को बनाया अपना शिकार

एंटी-रेबीज इंजेक्शन और स्पेशल टीम तैनात करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



शहर में घुमते आवारा कुत्ते।

सक्ती नगर में आवारा कुत्तों का आतंक अब जानलेवा और घातक रूप ले चुका है। शहर के वार्ड क्रमांक 3, 4, 5, 6, 7 और स्टेशन रोड वार्ड क्रमांक 17 में भी पागल कुत्ते ने भारी तांडव मचाते हुए लगभग 10 से 15 राहगीरों व स्थानीय निवासियों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। एक साथ आधे दर्जन वार्डों में हुई इस खौफनाक घटना से पूरे नगर में भय और दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। स्थिति यह है कि लोग अब अपने मासूम बच्चों को घरों से बाहर निकालने और स्वयं भी पैदल सड़कों पर निकलने से कतरा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या और संभावित खतरों को लेकर स्थानीय नागरिकों ने पूर्व में ही शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। समय रहते आवारा कुत्तों के नियंत्रण व धरपकड़ की मांग की गई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या को अनदेखा कर दिया। प्रशासनिक सुस्ती और लापरवाही का ही नतीजा है कि आज नगरवासियों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। घटना के बाद अब जाकर नगर पालिका प्रशासन की नींद टूटी है। स्थानीय नागरिकों और पीड़ितों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि नगर पालिका ने त्वरित संज्ञान लेकर इस पागल कुत्ते को तुरंत नहीं पकड़ा और बाकी आवारा कुत्तों के बंध्याकरण हेतु विशेष अभियान नहीं चलाया, तो स्थिति और विकराल हो सकती है। जनहित में मांग की गई है कि:स्वास्थ्य विभाग सभी प्रभावित वार्डों और शासकीय अस्पताल में एंटी-रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता तुरंत सुनिश्चित करे। नगर पालिका प्रशासन आवारा व हिंसक कुत्तों को पकड़ने के लिए तत्काल विशेष टीम गठित कर प्रभावित वार्डों में अभियान चलाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो उग्र जन-आंदोलन की स्थिति बन सकती है। हालांकि नपा द्वारा धरपकड अभियान चलाया जा रहा है।

की जा रही धरपकड़

नगर पालिका सक्ती द्वारा शहर में आवारा कुत्तों की धड़पकड़ का विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण की कार्रवाई की जा रही है। शहरवासियों की सुरक्षा और रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-प्रह्लाद पाण्डेय,
सीएमओ, नपा सक्ती

सेवा सेतु शिविर, वन नेशन वन राशन कार्ड की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



जनपद पंचायत जैजैपुर के सभाकक्ष में 28 सितंबर को खाद्य विभाग द्वारा सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया। शिविर में जनपद पंचायत जैजैपुर की अध्यक्ष पुष्पा परदेशी खूंटे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, उचित मूल्य दुकान संचालक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

इस दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। नवीन राशन कार्ड बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया, खाद्यान्न वितरण एवं भंडारण, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, मोबाइल सीडिंग और फिंगरप्रिंट नहीं आने की स्थिति में नामिनी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने के प्रावधान की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण, वन नेशन वन राशन कार्ड, पीएमजीकेवाई तथा कार्डवार खाद्यान्न पात्रता के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य खाद्य आयोग, कॉल सेंटर एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसी सुविधाओं की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई।कार्यक्रम में सेवा सेतु योजना की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लिया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया।

दूध के उचित दाम की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे दुग्ध उत्पादक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



अपनी मांगों को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे दुग्ध उत्पादक।

जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों ने दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। दुग्ध उत्पादकों ने गाय के दूध का मूल्य 60 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध 80 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किए जाने की मांग की।

दुग्ध उत्पादक गोलू यादव व उनके साथियों का कहना है कि वर्तमान समय में पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है। पशुओं के लिए दाना, हरा चारा और सूखा चारा खरीदने में बड़ी राशि खर्च हो रही है। इसके अलावा पशुओं की देखभाल, उपचार, टीकाकरण तथा अन्य खर्च भी पशुपालकों को उठाना पड़ता है। पशुपालकों ने कहा कि दूध उत्पादन में जितनी लागत आ रही है, उसके अनुपात में उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। दुग्ध उत्पादकों का कहना है कि पशुपालन ग्रामीण परिवारों की आय का महत्वपूर्ण साधन है। यदि दूध का उचित मूल्य मिले तो पशुपालक बेहतर तरीके से पशुओं की देखभाल कर सकेंगे और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दुग्ध उत्पादकों की लागत का आकलन कर गाय के दूध के लिए 60 रुपये और भैंस के दूध के लिए 80 रुपये प्रति लीटर उचित मूल्य निर्धारित करने की दिशा में पहल की जाए। दुग्ध उत्पादकों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए दूध के मूल्य पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिले के दर्जनों गांव के दुग्ध उत्पादक शामिल हैं।

विद्या दान व शिक्षा सहयोग तथा वरिष्ठ नागरिकों को साक्षर बनाने की हो रही पहल

शिवरीनारायण। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, शिवरीनारायण में विद्या दान एवं शिक्षा सहयोग तथा वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने के उद्देश्य से प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवरीनारायण अध्यक्ष राहुल थवाईत तथा अध्यक्षता पार्षद एवं जनभागीदारी सदस्य सतेन्द्र केवट ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पार्षद चेतन सोनी एवं ललित कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के द्वारा 40 आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सामग्री प्रदान कर सहयोग किया गया। साथ ही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

पामगढ़ की बेटी शिक्षा ने राष्ट्रीय मल्लखंब प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



शिक्षा को सम्मानित करते अतिथि।

वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की नगरी झांसी में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित अखिल भारतीय आमंत्रण मल्लखंब प्रतियोगिता-2026 में पामगढ़ की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

लक्ष्मी व्यायाम मंदिर, झांसी में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के नेतृत्व में कुल 24 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। पामगढ़ की शिक्षा दिनकर ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुए व्यक्तिगत रूप मल्लखंब स्पर्धा में देशभर के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से जांजगीर-चांपा जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है।वहीं 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिका प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार हिस्सा लेने वाली पामगढ़ की प्रज्ञा कुर्रे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 40 निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से पुष्कर दिनकर और प्रेमचंद शुक्ला ने तकनीकी अधिकारी एवं निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला तथा मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. राजकुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेल विशेषज्ञ प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ मलखंभ टीम के मैनेजर देवराज तिवारी बिलासपुर एवं कोच मंगलूराम उसेन्डी नारायणपुर थे। इनमें यशपाल, बरेठ,आयुषी, सिद्धार्थ, प्रतीक बंजारे, अभिजीत कुर्रे, समीर कुमार, रोशनी धीवर, हिमांशी, हुसैंती, निधि उसेन्डी सहित नारायणपुर के खिलाड़ियों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पामगढ़ की शिक्षा दिनकर द्वारा स्वर्ण पदक तथा प्रज्ञा कुर्रे द्वारा कांस्य पदक हासिल किए जाने पर खेलप्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित है।

स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन, 120 छात्र छात्राओं ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद



सेवा ही संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत दिनांक 29 सितंबर को राहौद एजुकेशन सोसायटी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता की दिशा में एक सार्थक पहल रहा।

इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के प्रभारी एवं एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज कश्यप , मेडिकल स्टाफ डॉ. मोनिया जायसवाल (एमबीबीएस), प्रेमलता कश्यप, मुस्कान कश्यप तथा पुष्पा कुमारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिसर में बीएड एवं डीएड के स्वयं सेवक सेविकाओं सहित लगभग 100 से 120 छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षार्थी ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य की जाँच कराया। वहीं महाविद्यालय में सफाई कार्य में संलग्न सभी सफाई दीदियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकार की जाँच की गई, जिसमें रक्त की जाँच, रक्त समूह एवं शुगर, रक्तचाप (बीपी) आदि प्रमुख रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ. कनक सिन्हा एवं डॉ.निर्मल वर्मा , रामनारायण कश्यप अनुरुद्ध कश्यप , प्रो.जी.पी. कौशिक, प्रो. श्याम साहु प्रो. प्रदीप वर्मा ,जयराम कश्यप प्रो.अनिल कश्यप एवं सुधा कश्यप के रूप में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डिंपल, नीलम, ओमिता, प्रीति, मालती, पल्लवी, नम्रता, अंजली, गीतांजलि, संध्या, श्वाती, आरती, जलेश्वर, अमृत, जतिन, राज, अनुराग, सुदामा, तुमेश, भूमिका, साक्षी, कामनी, रिया एवं खुशबू सहित अन्य मौजूद रहे।

सुरक्षा व बीमारी से बचाव को लेकर वार्डवासियों को किया गया जागरूक

बाढ़ प्रभावित वार्ड में पार्षदों ने लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



बाढ पीडितों से मुलाकात करते जनप्रतिनिधि।

महानदी के बढ़े जलस्तर के कारण शिवरीनारायण के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि भी लोगों की मदद और जागरूकता में जुटे हुए हैं। नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अंकुर गोयल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर वार्डवासियों से मुलाकात की और उनके हालात एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद ओमप्रकाश साहू भी मौजूद रहे।

पार्षदों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से चर्चा करते हुए बाढ़ के बाद फैलने वाली संभावित बीमारियों और संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाढ़ के दौरान या उसके बाद पानी को अच्छी तरह उबालकर, छानकर और ठंडा करने के बाद ही पीएं तथा घर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।क्षतिग्रस्त मकानों में नहीं लौटने की अपीलपार्षदों ने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि बाढ़ के पानी में डूबे या क्षतिग्रस्त मकानों में तत्काल वापस जाने से बचें। स दौरान पार्षद अंकुर गोयल ने वार्ड के युवाओं से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि विपत्ति की घड़ी में किसी एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी बनती है कि सभी लोग एकजुट होकर परिस्थितियों का सामना करें। किसी परिवार को भोजन, पानी, दवा, सुरक्षित स्थान या अन्य किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता तो नहीं है। कई युवा तैराकी भी जानते हैं। ऐसे में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की मदद करनी चाहिए।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

